PART - I

Paper Code

**P-4**

420124

**ƆATE PLEASE READ CAREFULLY**

परीक्षार्थी

Answer S
en even in
ords, num
examinati
or which
कहीं पर भी
XYZ, AB
क, आदि में
जाकर भी

NT INST
Answer Bo
ो प्रश्नोत्तर
or not pri
lator and c

या अमुद्रित
र्थी का होग
y on Cover
deduct 5 m

कवर पृष्ठ प
आयोग द्वारा
in which s
over Sheet
य सूचनाएँ
क्षतिग्रस्त न
rent units a

जित है। प्रत्ये

e either of
reated as s
द्रण या तथ्या

glish, not in
indi or Engl
प में दीजिये,
अलग से लि
rs only in th
the border
किसी भी प्रश्न
बाहर लिखे ग
swers beyon
अधिक नहीं
stion out of

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Unit-I-A | 50 | 26.5 |
| Unit-I-B | 50 | 24 |
| Unit-I-C | 20 | 9.5 |
| Unit-II-A-A | 10 | 8 |
| Unit-II-A-B | 2 | 2 |
| Unit-II-A-C | 1 | 1 |
| Unit-II-A-D | 2 | 1 |
| Unit-II-A-E | 2 | 1 |
| Unit-II-A-F | 2 | 1 |
| Unit-II-B-A | 10 | 7.25 |
| Unit-II-B-B | 10 | 6.5 |
| Unit-II-B-C | 10 | 3.5 |
| Unit-II-C | 30 | 16 |
| Unitt-II-A-C | 1 | 1 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 108.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | One Hundred and Eight+ ¼ |

ा विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार
ारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as
on shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

[illegible]5/2

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## परीक्षार्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile Number etc. Not to be written even in the letter writing (XYZ, ABC etc. may be written) Name of God, any religious sign, any irrelevant sentence, words, number other than the answer of question must not be written. Such act will be treated as unfair means and entire examination of the Candidate shall be cancelled and he may be debarred by the RPSC from all the future examinations, for which the candidate will be liable.**

**प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहां तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें ( XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक, आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of Invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी–फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ पर सभी वांछित विवरण नीले बॉल प्वांइट पेन से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet consists of two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ कहीं से कटे–फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न–पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जांचा जायेगा।

**विशेष नोटः**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना दी जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

**Special Note:**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the answer script or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

## SPACE FOR ROUGH WORK

~~Answer booklet~~

acronym

भाषा संस्कृति शब्दावली

कार्मिक

जीवित प्रतिमूर्ति

नीग्रो

Race

प्रजाति

संस्कृति

Pain & Separation

काव्य विरह

feeling

depiction

दार

कार्मिक

dissatisfaction generated

Indiscipline

Thoughts & expectation ignored

राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव

- ई तो धुरां रे सगला
- सोने री धरती जठे
- संस्कृति
  - बोली
  - वेशभूषा
  - लोक नृत्य एवं संगीत
  - खानपान
  - त्योहार एवं मेले
  - लोक देवता एवं देवी
  - साहित्य एवं कला (GI Tag)
  - संस्थान
  - अधिकारी

बोरूंदा (जोधपुर)

रूपायन संस्था *

* संरक्षण एवं सरकार के प्रयास

# PAPER – IV
## GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 65 Questions)

### Unit – I
### (यूनिट – I)
### सामान्य हिन्दी

(120 Marks)
(120 अंक)

### Part – A
### भाग – अ

Marks : 50
अंक : 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
   (i) देवी + अवतरण = (ii) क्षीर + ओदन =
   (iii) नि + स्नात = (iv) दिक् + गज =

(i) दैव्यवतरण (ii) क्षीरोदन
(iii) निष्णात (iv) दिग्गज

1(One)
(Q.Unit-I-A-1)

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए –
   (i) विक्रमाब्द = (ii) हृषीकेश =
   (iii) प्रमाण = (iv) कोणार्क =

(i) विक्रम + अब्द (ii) हृषीक + केश
(iii) प्राम + अन (iv) कोण + अर्क

1(One)
(Q.Unit-I-A-2)

3. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए –
(i) तत् + मय =
(ii) मातृ + आज्ञा =
(iii) प्रति + छाया =
(iv) शरत् + ज्योत्स्ना =

(i) तन्मय (ii) मात्राज्ञा

(iii) प्रतिच्छाया (iv) शरज्ज्योत्स्ना

2(Two)
(Q.Unit-I-A-3)

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-A-4)

4. निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो–दो शब्द बनाइए –
(i) औ =
(ii) अधि =

(i) औघड़ ; औजार

(ii) अधिहरण ; अधिकार

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-5)

5. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग पृथक् कीजिए –
(i) अभिज्ञ =
(ii) पर्याय =
(iii) प्रतीक्षा =
(iv) अत्यल्प =

(i) अ (ii) परि

(iii) प्रति (iv) अति

6. निम्नांकित प्रत्ययों का संयोग करते हुए दो–दो शब्द बनाइए –
(i) इल =
(ii) हार =

(i) बोझिल ; स्वप्निल

(ii) प्रतिहार ; मनुहार

1(One)
(Q.Unit-I-A-6)

7. निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय पृथक् कीजिए –
(i) श्रद्धालु =
(ii) कनौती =

(i) श्रद्धा + आलु

(ii) कान + औती

2(Two)
(Q.Unit-I-A-7)

8. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) पक्षी =
(ii) स्वर्ण =

(i) खग ; पंछी
(ii) सोना ; कंचन

2(Two)
(Q.Unit-I-A-8)

9. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –
(i) सखी =
(ii) उन्नति =

(i) सहेली ; आली

(ii) प्रगति ; उत्कर्ष

2(Two)
(Q.Unit-I-A-9)

10. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) दण्ड = (ii) ऋत =
(iii) समास = (iv) ग्राह्य =

(i) पुरस्कार (ii) अनृत

(iii) व्यष्टि (iv) अग्राह्य

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-10)

11. निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखें –
(i) विधिसम्मत = (ii) तिरस्कार =
(iii) संश्लेषण = (iv) अनिर्वचनीय =

(i) अवैध (ii) सत्कार

(iii) विश्लेषण (iv) निर्वचनीय

1.5(One½)
(Q.Unit-I-A-11)

12. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) षष्टि–षष्ठी = (ii) तर्क–तक्र =

(i) षष्टि →
षष्ठी → छठी तारीख ✗

(ii) तर्क → बात की काट
तक्र → ✗

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-12)

13. निम्नांकित युग्म–शब्दों का अर्थगत अंतर लिखें –
(i) क्षति–क्षिति = (ii) आभरण–आमरण =

(i) क्षति – नुकसान ✓
क्षिति – पृथ्वी

(ii) आभरण – आभूषण
आमरण – मृत्यु तक ✓

2(Two)
(Q.Unit-I-A-13)

14. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) जो व्यक्ति बहुत बोलता हो
(ii) विरोध न होने पर भी विरोध दिखाई पड़ना

(i) वाचाल ✓

(ii)

1(One)
(Q.Unit-I-A-14)

15. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखें –
(i) धरती का वह भाग जिस पर कुछ भी उत्पन्न नहीं होता
(ii) अपने प्रति किए गए उपकार को न मानने वाला

(i) बँजर / ऊसर
(ii) कृतघ्न

2(Two)
(Q.Unit-I-A-15)

16. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) प्रज्जवलित = (ii) गणमान =
(iii) भत्स्र्ना = (iv) नुपूर =

(i) प्रज्वलित
(ii) गण्यमान्य
(iii) भर्त्सना
(iv) नूपुर

2(Two)
(Q.Unit-I-A-16)

17. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए –
(i) चन्द्रमोली = (ii) संग्रहित =
(iii) सुश्रूषा = (iv) पशचाताप =

(i) चन्द्रमौली (ii) संगृहीत
(iii) सुश्रुषा (iv) पश्चाताप

0.5(Zero½)
(Q.Unit-I-A-17)

18.

1

18. निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।
(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को बाँट दिया।

(i) वसन्त में फूल खिलने से कौन रोक सकता है।

(ii) दानवीर राजा ने अपना सारा धन साधुओं को दान कर दिया।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-18)

19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(i) वह अपना भाग्य कोस रहा है।
(ii) यह दुखद घटना जब कोरोना का प्रभाव चहुँ ओर था तब घटी थी।

(i) वह अपने भाग्य को कोस रहा है।

(ii) यह दुखद घटना तब घटी थी जब कोरोना का प्रभाव चारों ओर था।

1(One)
(Q.Unit-I-A-19)

20. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) खेला खाया होना (ii) घर सिर पर उठाना

(i) प्रथम को यह काम करते 10 साल हो गए, वह तो खूब खेला खाया हुआ है।

(ii) रमेश ने जन्मदिन पर साइकिल उपहार में पाने की जिद पर रो-रो कर घर सिर पर उठा लिया।

1(One)
(Q.Unit-I-A-20)

21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) बारह बाट होना (ii) धूल उड़ाना

(i) कोरोना ने बाजार का बारह बाट कर दिया।

(ii) रमेश ने लॉटरी के सारे पैसे तो अय्याशी में खर्च कर दिए, अब वो सिर्फ धूल उड़ा रहा है।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-21)

22. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) भेड़ की लात घुटने तक
(ii) घर के पीरों को तेल का मलीदा

(i) पाकिस्तान चाहकर भी भारत का कुछ नहीं बिगाड़ सकता, भेड़ की लात सिर्फ घुटने तक ही होती है।

(ii) नौजवानों को यूरोप एवं अमेरिका की पढ़ाई ही रास आती है, सच ही है कि घर के पीरों को तेल का मलीदा ही नसीब है।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-22)

23. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए –
(i) ओछे की प्रीत, बालू की भीत।
(ii) नानी कुँआरी मर गयी, नवासे के नौ–नौ ब्याह।

(i) ढोंगी व्यक्ति से दोस्ती ज्यादा दिन नहीं चलती, ओछे की प्रीत, बालू की भीत।

(ii) रमेश का बाप अभी तक बेरोजगार है और रमेश को दो नौकरियों के लिए बुलावा आ गया। नानी कुँआरी मर गई, नवासे के नौ–नौ ब्याह हो रहे हैं।

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-23)

24. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –
(i) JUDICIAL ENQUIRY (ii) RANDOM

(i) न्यायिक समीक्षा ✗
(ii) यादृच्छिक

1(One)
(Q.Unit-I-A-24)

25. निम्नलिखित अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें –
(i) TRANSCRIPTION (ii) OVERSIGHT

(i) अनुलेख ✗
(ii) अवलोकन ✗

0 (Zero)
(Q.Unit-I-A-25)

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक देते हुए लगभग एक–तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए –
साहित्य और वाङ्मय से जो कुछ हमें प्राप्त होता है वह मानसिक समृद्धि है, मानसिक स्वास्थ्य है, मानसिक संस्कृति है। साहित्य हमारे मन की निरंतर चिकित्सा करता रहता है, निरंतर कर्षित–परिष्कृत करता रहता है और उसमें निरंतर प्राणबीज उगाता रहता है। हमारी सारी सप्राणता को जाग्रत और चिर युवा रखना या उसे क्षयग्रस्त–कामलुब्ध विकल रखना, दोनों की क्षमता साहित्य और वाङ्मय के पास है। इसका सदुपयोग हो तो यह एक अपूर्व मानसिक चिकित्सा है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ना मानो ऋतंभर मानस–ज्योतियों को तैल–समर्पण है। साहित्य और वाङ्मय एक मानसिक ऋद्धि के स्त्रोत हैं। युग के हृदय में तह पर बैठी निराशा के भीतर पॉल वालेरी ने गहराई से उतर कर देखा था। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचा है, "वाङ्मय एवं वाङ्मय के पंडितों की नियति कोई मामूली प्रश्न नहीं, क्योंकि इस 'नियति' से जुड़ी है संपूर्ण मनुष्य जाति के मन की 'नियति'। साहित्य और वाङ्मय के तिरस्कार का सीधा अर्थ होगा मनुष्य के मन का तिरस्कार और फलतः एक अपमानवीकरण।

1.5(One½)
(Q.Unit-I-B-1)

शीर्षक → साहित्य और वाङ्मय की मानव जीवन में महत्ता

संक्षेपण → साहित्य और वाङ्मय से मानसिक स्वास्थ्य, समृद्धि और संस्कृति की प्राप्ति होती है। साहित्य मानव मन की चिकित्सा कर उसे परिष्कृत एवं जाग्रत करता है। श्रेष्ठ साहित्य पढ़ने से ऋद्धि-सिद्धि प्राप्त होती है। पॉल वालेरी का निष्कर्ष है कि वाङ्मय की 'नियति' संपूर्ण मनुष्य जाति की नियति है और इसका तिरस्कार मानव जाति का अपमानवीकरण है।

(60 शब्द)

3(Three)
(Q.Unit-I-B-1)

2. निम्नांकित पंक्ति का भाव–विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10

'हिंसा बुरी चीज़ है पर दासता उससे भी बुरी है।'

महात्मा गांधी ने कायरतापूर्ण अहिंसा की जगह वीरतापूर्वक हिंसा को बेहतर दर्जा दिया है। यह सत्य है कि हिंसा अभिशप्त है परंतु गुलामी इससे भी अधिक निंदनीय है। गुलाम व्यक्ति हिंसा को स्वीकार करता है और उसका भागीदार बन जाता है। अपने हक और स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए हथियार उठाना तो शास्त्रसम्मत भी है। गुलामी और दासता के दमन हेतु की गई हत्या 'वध' कहलाती है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हथियारों का प्रयोग किया गया जो कि आजादी दिलाने एवम् ब्रिटानी शासन की जड़े हिलाने में मददगार था। भारतीय परमाणु कार्यक्रम भी इसी सिद्धांत को मानता है। आज कोई दूसरा देश भारत को गुलाम बनाने की सोच भी नहीं सकता। लोहा ही लोहे को काटता है। दमनकारी एवम् क्रूर शक्तियों से मुकाबला करने के

4(Four)
(Q.Unit-I-B-2)

लिए तो भगवान ने भी हिंसा त्याग दी थी। भगवान राम भी अत्याचारी रावण पर क्रुद्ध हो उठे थे और उसका सर्वनाश किया तथा समस्त संसार को रावण की दासता से मुक्त किया। निष्कर्षतः हिंसा बुरी चीज है पर दासता उससे भी बुरी चीज है।

3. जिला कलेक्टर, जैसलमेर की ओर से प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार को एक पत्र लिखें, जिसमें जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर–संयंत्र विषयक विवरण हो। अंक 10

राजस्थान सरकार

~~ऊर्जा विभाग शासन सचिवालय, जैसलमेर~~।

कार्यालय, जिला कलक्टर, जैसलमेर

प०क्र० :- क(4)/ऊ.वि./सो.सं./2022/105 दिनांक :- 01 जनवरी, 2022

?

प्रमुख शासन सचिव

ऊर्जा विभाग, शासन सचिवालय

राजस्थान सरकार।

विषय :- जिला मुख्यालय में स्थापित सोलर-संयंत्र के बारे में।

संदर्भ :- केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के पत्र दिनांक 21 July 2021 के संदर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवम् संदर्भान्तर्गत सूचित है कि भारत एवम् राज्य सरकार की जिलों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाने के लिए समय-समय पर निर्देशित किया है। इसी कड़ी में उपलब्ध ऊर्जा बजट की राशि का उपयोग कर जैसलमेर जिले में प्रशासनिक

भवनों में स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति हेतु केंद्रीकृत सोलर-संयंत्र का स्थापन किया गया है। ध्यातव्य है कि ~~xxx~~ ~~xxxx~~ 10 MW का यह संयंत्र कुल 10 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। महोदय, जैसलमेर जिला स्वच्छ ऊर्जा में आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन एवं रिहायशी इलाकों में भी सोलर मिनी संयंत्र लगाने की ओर अग्रसर है।

संलग्न :- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय पत्र दिनांक
पालना की प्रति।

शुभेच्छु।
(क ख ग)
जिला कलक्टर, जैसलमेर

प्रतिलिपि :- आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ अग्रलिखित को प्रेषित है :-

प० क्र० :- क (५) / ऊ. वि. / सो-सं / 2022 / 106-110 दिनांक - 01 जनवरी, 2022

1. शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, सचिवालय।
2. शासन सचिव, केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार।
3. संभागीय आयुक्त, जोधपुर संभाग।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, जिला कलेक्टर, जैसलमेर।
5. रक्षित पत्रावली।

(क ख ग)
जिला कलक्टर, जैसलमेर

5.5(Five½)
(Q.Unit-I-B-3)

4. नगर विकास न्यास, भरतपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से सेवर के पास नाले पर पुलिया बनवाने के लिए निविदा सूचना का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। अंक 10

राजस्थान सरकार
कार्यालय, अधिशासी अभियंता
नगर विकास न्यास, भरतपुर।

क्रमांक :- क (4)/न.वि.न./नि/2022/105 दिनांक- 01 जनवरी, 2022

निविदा सूचना संख्या :- 01/2022

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से, कार्यालय अधिशासी अभियंता, नगर विकास न्यास, भरतपुर की ओर से सेवर नाले पर पुलिया बनाने के कार्य के लिए विभाग द्वारा पंजीकृत 'ए' श्रेणी के ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 25 जनवरी, 2022 तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क जमा करवाके प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र को पूर्ण प्रविष्ठियों एवम् वांछित सूचनाओं सहित भरकर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2022 दोपहर 2 बजे तक होगी। निविदा को www.sppp.in या www.eproc.in पर भी

जमा करवाया जा सकेगा। निविदा सभी निविदाधारकों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 15 फरवरी सांय 5 बजे खोली जाएगी। निविदा कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | अनुमानित लागत | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| सीवर नाला पुलिया निर्माण कार्य | ₹ 500 | ₹ 10000 | ₹ 15 Lakh | 1 माह |

(क ख ग)
अधिशाषी अभियंता
न. वि. न्यास, भरतपुर

शर्तें :-

1. निविदा में किसी भी प्रकार का आंशिक या पूर्ण परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।
2. निविदा का संपूर्ण विवरण SPPP / Eproc वेबसाईट पर देखा जा सकता है यहाँ पर ऑनलाईन निविदाएँ भी स्वीकार्य होंगी।
3. किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र जिला न्यायालय भरतपुर रहेगा।

(क ख ग)
हस्ताक्षर
अधिशाषी अभियंता
न. वि. न्यास, भरतपुर

5.5(Five½)
(Q.Unit-I-B-4)

5. दिए गए अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए – अंक 10

A language is something infinitely greater than grammar and philology. It is the poetic testament of the genius of a race and a culture and the living embodiment of the thoughts and fancies that have moulded them. Words change their meaning from age to age and old ideas transform themselves into new, often keeping their attire. It is difficult to capture the meaning, much less the spirit, of an old word or phrase.

एक भाषा व्याकरण एवं शब्दावली से कही बढ़कर है। यह एक प्रजाति एवम् उसकी संस्कृति की उत्कृष्टता का काव्यिक विवरण होने के साथ - साथ उन विचारों और धारणाओं की जीवित प्रतिमूर्ति भी है जिन्होने इनको संवारा है। समय के साथ शब्दों के मतलब बदलते गए एवम् पुराने विचार, नवीन विचारों में तब्दील ~~हो गए~~ पर उनका स्वरूप अक्षावत रहा। किसी पुराने शब्द या वाक्यांश के अर्थ को समझना कठिन है, उससे भी कठिन है उसके भावार्थ को समझना।

4.5(Four½)
(Q.Unit-I-B-5)

Part – C
भाग – स

Marks : 20
अंक : 20

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए – अंक : 20

(1) राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव
(2) सोशल मीडिया बनाम निजता
(3) प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा का प्रयोग : दशा और दिशा

## राजस्थान का सांस्कृतिक गौरव

सोना री धरती जठे, तारां रो असमान।
रंग रंगीलो रसभर्यो, म्हारो प्यारो राजस्थान॥

राजस्थान सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से विविधताओं से संपूर्ण है और यहाँ की माटी के कण-कण में वीरांगनाओं, योद्धाओं और उनकी अमर कहानियों की गाथा रची-बसी हुई है।

राजस्थान के 6 किले (गागरोन, सोनार, आमेर, चित्तौड़, कुंभलगढ़ एवम् रणथम्भौर), जयपुर शहर परकोटा एवम् केवलादेव वन अभयारण्य यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सूची में दर्ज किए गए हैं। राजस्थान के हर ठिकाणे में अनेक किले हैं और इतनी ही इनसे जुड़ी हुई किवदंतियाँ हैं। चित्तौड़ दुर्ग, मेहरानगढ़ दुर्ग एवम् जयगढ़ कुछ अन्य प्रमुख किले हैं।

जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, जैसलमेर, बीकानेर, कोटा एवम् भरतपुर जैसे प्रमुख नगर अपने आप में राजसी वैभव और स्थापत्य कला के बेजोड़ नमूने है। राजस्थान में 6 करोड़ लोग निवास करते है जिनकी बोलियों में भी विविधता है। कहावत है कि राजस्थान में हर मील पे बोली और हर कोस पे पानी बदल जाता है। मारवाड़ी ढूंढाड़ी, मारवाड़ी, मेवाड़ी और हाड़ौती कुछ प्रमुख बोलियाँ है

पूर्वी राजस्थान में भाट साहित्य (पिंगल) तो पश्चिमी राजस्थान में डिंगल (चारण साहित्य) का बोलबाला है। डिंगल वीर रस तो पिंगल श्रृंगार रस प्रधान साहित्य है ~~कृष्ण बेलि री~~ कृष्ण रुक्मणी री वेलि, राजिया रा दूहा, चंद्र सखि, बात, नरसिंह, ख्यात कुछ प्रमुख कृतियाँ एवं बोलियाँ है

राजस्थान में त्योहारों, मेलों एवं लोकदेवताओं को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। तीज, गणगौर, मकर संक्रांति, होली दीपावली प्रमुख त्योहार है एवम् कपिल मुनि मेला, खाटूश्याम मेला, तेजाजी मेला, रामदेवरा मेला कुछ प्रमुख मेले है। जनमानस

में पंचपीर, तेजाजी, एवम् लोकदेवियां (शाकम्भरी, करणी इत्यादि) के लिए भी अपार स्नेह एवम् श्रद्धा है।

राजस्थान में 36 कौमों के अलावा आदिवासी समुदाय (भील, मीणा, गाडलिया, सहरिया, कंजर) भी बड़ी संख्या में निवास करते हैं जिनकी अपनी अलग संस्कृति है।

विश्व भर से राजस्थान की सांस्कृतिक छटा का आनंद उठाने के लिए प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं। इससे न केवल रोजगार पैदा होता है अपितु धरोहर का संरक्षण भी होता है। महल, किले, हवेलियाँ, झीलें, बावड़ियाँ इत्यादि के संरक्षण का जिम्मा आम नागरिक के साथ-साथ पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार का भी है।

थेवा कला, मोलेला कला, बगरू/सांगानेर ब्लॉक प्रिंट, मकराना, ब्लू पॉटरी समेत अनेक हस्तशिल्प कलाओं को GI Tag का संरक्षण प्राप्त है। इससे इनकी मूल कला संरक्षित होती है। रूपायन संस्थान, बोरूंदा (जोधपुर), मेवाड़ लोक कला संस्थान,

राजस्थान कला एवम् साहित्य संस्थान इत्यादि भी इसी दिशा में संस्कृति संरक्षण हेतु प्रयासरत हैं। राजस्थान के अनेक कलाकारों को पद्म अवार्डों से नवाजा जा चुका है।

राजस्थान की धरा आज भी पुरखों की कर्जदार है जिन्होंने हमारे लिए अमूल्य धरोहरें और थातियों का निर्माण एवम् संरक्षण किया। राजस्थान का साफा/पगड़ी, विजय स्तंभ, थार की संस्कृति एवम् लंगा/मांगणियार/कालबेलिया संगीत आज न अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की पहचान बन चुका है।

राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और इसके गौरव को पताका देने के लिए एक जन आंदोलन की आवश्यकता है जिसमें सभी का योगदान हो।

आ तो सुरगां ने सरमावे
ई पर देव रमण ने आवे
ई रो जस नर नारी गावे
धरती धोरां री ॥

9.5(Nine½)
(Q Unit-I-C-1)

Paper-IV



(80 Marks)
(80 अंक)

(Unit – II)
(यूनिट – II)

## General English

### Part – A

Marks : 20

**Note:** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error and rewrite the correct form of the following sentences: (Q. No. 1-10)
Marks : 10

1. Italy is an European country.

~~इटली एक यूरोपीय देश है।~~

Italy is a Eupoean country.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-1)

2. Ramesh Gupta is a M.B.B.S.

~~रमेश एक चिकित्सक है।~~

Ramesh Gupta is an MBBS.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-2)

3. The island was uninhabited except of sheep.

The island was uninhabited except the sheep.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-3)

4. Divide the money between you all.

Divide the money among you all.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-4)

5. Did Sohan scratched your card?

Did Sohan scratch your card?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-5)

6. 120 miles are too far to travel.

120 miles is too far to travel.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-6)

7. May it snow this far South?

Can it snow this far South?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-7)

8. Let her told to wait here.

Tell her to wait there.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-A-8)

9. I asked her as to whether she would have a cup of tea.

I asked her whether she would have a cup of tea.

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-9)

10. What you would like to drink?

what would you like to drink?

1(One)
(Q.Unit-II-A-A-10)

(B) Choose the word similar in meaning (Q. No. **11-12**) **2 × 1**

11. Insolent

rude/polite

Rude

12. Endorse

discredit/approve

Approve

(C) Choose the word opposite in meaning (Q. No. **13-14**) **2 × 1**

13. Discreet

prudent/obtrusive

obtrusive

14. Deft

expert/amateur

Amateur

1(One)
(Q.Unit-II-A-B-11)

1(One)
(Q.Unit-II-A-B-12)

1(One)
(Q.Unit-II-A-C-13)

1(One)
(Q.Unit-II-A-C-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence (Q. No. **15-16**) 2×1

15. The army got discouraged and gave in/gave upon before the opponents.

~~gave in~~

The army got discouraged and gave in before the opponents.

1(One)
(Q.Unit-II-A-D-15)

16. I am going to have a catnap/dognap while you are cooking lunch.

I am going to have a dognap while you are cooking lunch.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-D-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences (Q. No. **17-18**) 2×1

17. He was sitting besides/beside me when I was eating the cake.

He was sitting besides me when i was eating the cake.

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-E-17)

18. He was confidant/confident that he would clear his exam.

He was Confident that he would clear his exam:

1(One)
(Q.Unit-II-A-E-18)

(F) Write a one-word substitute for the following expressions (Q. No. 19-20) 2 × 1

19. A diplomatic representative of a country to another country.

Ambassador

1(One)
(Q.Unit-II-A-F-19)

20. Showing independence in thoughts or actions.

Self-Reliance

0 (Zero)
(Q.Unit-II-A-F-20)

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow – (Q. No. 21-25)

**Mark : 5 × 2 = 10**

The thoughtless, the ignorant and the indolent seeing only the apparent effect of things and not the things themselves talk of luck of fortunes and chance. Seeing a man grow rich they say "How lucky he is!" Observing another become intellectual they exclaim, "How highly favoured he is!" And noting the saintly character and wide influence of someone else they remark, "How chance aids him at every turn!" They do not see the trials and failures and struggles which these men have voluntarily encountered in order to gain their experience, have no knowledge of the sacrifices they have made, of the undaunted efforts they have put forth, of the faith they have exercised that they might overcome the apparently insurmountable and realise the vision of their heart. They do not know the darkness and the heartaches, they only see the light and joy; do not see the long and arduous journey but only behold the pleasant goal and call it "good fortune"; do not understand the process but only perceive the results and call it "chance".

In all human affairs there are efforts and there are results and the strength of effort is the measure of the result. Chance is not. Gifts, powers, material, intellectual and spiritual possessions are the fruits of effort – they are thoughts completed, objects accomplished, visions realized.

21. Which people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance?

The thoughtless, the ignorant and the indolent people, seeing the apparent effect of things, talk of luck, fortune and chance.

1.25(One¼)
(Q.Unit-II-B-A-21)

22. When do such people consider luck and chance to favour an individual?

Seeing a man successfully rich, intellectually favoured and wide influence of a saintly character, such people consider luck and chance to favour an individual and ignore the undaunted efforts.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-A-22)

23. What is needed to realize the vision of the heart?

Voluntary encounter with struggles, trials and failures, undaunted efforts, Heartaches, long and arduous journey to goal and the faith to overcome the apparently insurmountable is needed to realize the vision of the heart.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-A-23)

24. What is the connection between efforts and results as stated in the passage?

In all human affairs, strength of effort is the measure of the result and not the chance.

1(One)
(Q.Unit-II-B-A-24)

25. Find a word in the passage that has the same meaning as the following:

Not intimidated or discouraged by difficulty, danger or disappointed.

'Undaunted'

2(Two)
(Q.Unit-II-B-A-25)

(B) Translate the following sentences into English (Q. No. 26-30) **Marks 5 × 2 = 10**

26. बाल अपचारियों के पुनर्वसन के लिए सक्रिय न्यायिक एवं सामाजिक प्रयासों की आवश्यकता है।

Proactive judicial and social efforts are needed for rehabilitation ~~of~~ Juvenile ~~criminals~~ offenders.

1.5(One½)
(Q.Unit-II-B-B-26)

27. मैं अब भी तुम्हारे साथ होने से ज्यादा खुश होना नहीं जानता।

I still don't know to be more happy than being with you.

1.75(One¾)
(Q.Unit-II-B-B-27)

28. उत्तर पुस्तिका में यथासंभव संक्षिप्ताक्षर का प्रयोग ना करें व पूर्णरूप लिखें।

Do not use acronyms in the answer booklet as far as possible and write complete words.

1(One)
(Q.Unit-II-B-B-28)

29. कवि ने उर्मिला के चरित्र में एक स्त्री के दर्द एवं विरह की वेदना को बहुत सुन्दरता से ऊकेरा है।

The poet has beautifully depicted the feeling of pain and separation in the character of Urmila

1(One)
(Q.Unit-II-B-B-29)

30. विद्यार्थियों के असंतोष से उत्पन्न अनुशासनहीनता का कारण उनकी यह भावना है कि उनके विचारों और आकांक्षाओं की बहुधा उपेक्षा की जाती है।

The cause of indiscipline generated by dissatisfaction of students is the feeling that their thoughts and expectations are often being ignored.

1.25(One¼)
(Q.Unit-II-B-B-30)

(C) Make a precis of the following passage in about one-third of its length. **Marks 10**

31. We have heard about the term 'Cryptocurrency' which is blooming in the investment market today. This digital currency is taking the world to a new direction. According to a market research company more than 13,000 different cryptocurrencies exist in the world - to mention

a few names – Bitcoin, Ethereum, Cardano, Tether and the likes of them. Different countries have their different opinions on cryptocurrency. What exactly is cryptocurrency? It is a virtual currency which means it does not exist physically like other currencies. The word crypto currency is actually derived from the technique which is used to encrypt the network. One needs a 'wallet' an online app to hold the currency. There are two ways to gain it - by online investing or by mining cryptocurrency. Various countries have accepted cryptocurrency as legal tender, others have banned it. The rules for cryptocurrency are not very clear in India but talks are underway to recognize it.

Boom in 'cryptocurrency' is driving the investment market today. Bitcoin, Ethereum are ~~few~~ of the 13000 cryptocurrencies existing. cryptocurrency is an virtual encrypted currency stored in 'wallets' on App. Cryptocurrency can be either mined or traded. cryptocurrency is a subject of debate, whether it can be ascribed status of legal tender, or not.

(50 words)

## Part – C

**Marks : 30**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words. **Marks 10**

1. The 'Work-from-Home' culture
2. Freedom of Speech and Democracy
3. Impact of Modern Technology on Farming

Freedom of Speech and Democracy

Freedom of Speech and Expression is one of the basic fundamental Right preserved by the Indian Constitution under Article 19. As Democracy is characterised by Rule of law,

3.5(Three½)
(Q.Unit-II-B-C-31)

Responsible Administration, welfare state and Rights guaranteeing the dignity of the citizens. ~~These~~ Freedom of speech is necessary to articulate ~~of~~ grievances, mediate differences and advocation of entitlements in a democracy. Without freedom of speech, a democracy will become autocracy where top to bottom work style is undertaken rather than participative approach in democracy. Freedom of speech is necessary to have an opinion on policies of the government so that govt. can take feedback and improve upon. Thus freedom of speech empowers the common man to articulate his concerns ~~and~~ for grievance redressal. It makes him politically empowered. However freedom of speech is not a absolute Right in itself but subject to certain restrictions such public order, morality.

sovereignty, unity and integrity of the nation, friendly relation with neighbours etc. Thus freedom of speech must be excercised with caution so that other's rights are not harmed in the process. Criticism of the Govt is always welcome. The need of the hour is to enforce Right to information and citizen charter to uphold the Right to freedom of speech in letter and spirit.

6(Six)
(Q.Unit-II-C-32)

33. Elaborate any one of the following themes in approximately **150** words. **Marks 10**

1. Child is the father of man.
2. Sweet are the uses of adversity.
3. No man should be condemned unheard.

Sweet are the uses of adversity

True character evolves out of adversities only. Diamond shines because it faced the heat before. Every dark cloud has

a silver lining. One who faces adversity while struggling for the success in life never fails in the end. Sometimes failure is its own reward and motivates not to look back and keep moving on the right path. Adversity moulds and shapes the character of person to have humility, hardworking and pursue consistent efforts towards the goal. It is said that "Journey is more beautiful than the destination". A person who witnesses adversities and learn to bounce back never faces defeat and comes out shining victory symbols. Character is transformed by the adversity to be resilient in ~~the~~ life. Thus adversity's uses are sweet as it helps in goal achievement, personality development and realization of higher aim in life.

34. Write a letter to the Joint Secretary, Department of Labour Welfare drawing attention to the govt. policy regarding 'no work no pay' complaining about the bank employees who went on strike on 20th, 21st & 22nd, January. (**150** words) **Marks 10**

**OR**

Write a report on the research you have done on 'Industrial Waste Disposal' in your city in about **150** words.

4(Four)
(Q.Unit-II-C-33)

XYZ,
10, Yamuna path, Shyam Nagar
Jaipur,
10 April, 2022

Joint secretary,
Department of Labour welfare,
Secretariat, Jaipur.

Subject :- To complain regarding strike of Bank Employees dated 20th, 21st & 22nd January 2022.

Reference :- 'No work, No policy' policy circular of State Govt.

Sir,

I would like draw your kind attention towards issue of frequent strikes conducted by Bank Employees to register their protests and demand. In today's world everything is connected to financial sector and strike of Bank means closure of the financial transaction related works. This menace is taking

place despite circular of State Govt. regarding 'No work No pay' to State Employees. If this circular is enforced effectively employees might restrain from strikes and closure of work. 'ESMA' Act can also be enforced along with this as Banking Services are essential in nature. Banks must carry the trust of the customer 24x7 as goes by the meaning. Being the labour welfare secretary, please direct Bank employees to register their protest via other mediums or face penalties. I will be grateful if labour welfare department enforces 'No work No ~~policy~~ Pay' policy to deter the Bank strikes in future.

Regards
XYZ
10, Yamuna path
Shyam Nagar
Jaipur

6(Six)
(Q.Unit-II-C-34)

Answer booklet

ट्रान्सलेशन

अनुवाद Translation

उत्तर
पुस्तिका

भर्त्सना

[illegible]

[illegible]